तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 13.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 5 जनवरी 2026

[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]

12 बैगा खम्हरिया में मनाया शाकंभरी जयंती ....



12 सहकारी संघ के जिलाध्यक्ष, प्रबंधक समेत पूर्व ...



## खबर संक्षेप

### सोलर मोटर पंप और केबल वायर चोरी

**महासमुंद।** खेत में लगे सोलर मोटर पंप और केबल वायर की चोरी के मामले में सांकरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को शिवप्रसाद पिता धोबीराम ग्राम-भतकुंदा ने बताया कि उसके खेत में सौर उर्जा से संचालित सोलर सरफेस के 3 एचपी मोटर पंप एवं 25 फीट केबल वायार लगाया गया था। जिसे 10/12/2025 को अज्ञात चोर ने चोरी कर लिया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 303(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### भतीजे ने की मारपीट

**महासमुंद।** बुजुर्ग के साथ मारपीट के मामले में आरोपी भतीजे के खिलाफ पटेवा थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को श्यामलाल सेवर पिता पूरन सेवर (65 वर्ष) ग्राम बावनकेरा ने बताया कि 3 जनवरी की शाम करीबन 6 बजे वह गांव के पानी टंकी के पास खड़ा था, उसी समय उसका भतीजा छबिराम सेवर आया और खेत में ट्रैक्टर से जुताई कराकर पैसा नहीं दे रहे हो कहकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगा। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।



### सड़क हादसे में मां और बेटा घायल

**महासमुंद।** नेशनल हाईवे 53 ग्राम घोड़ारी में अज्ञात वाहन की टक्कर से स्कूटी में सवार मां और बेटे घायल हो गए। पुलिस को प्रार्थी गोपीनाथ पुष्टी निवासी वार्ड नं 01 ग्राम लक्ष्मीपुर थाना पिथौरा ने बताया कि वह 24 दिसंबर को अपनी मां लक्ष्मी पुष्टी के साथ निजी काम से अपने स्कूटी से पिथौरा से रायपुर जा रहे थे। दोपहर करीबन 2 बजे ग्राम घोडारी जाने का मार्ग के पास रायपुर की ओर से आ रहे अज्ञात बोलेरो के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर कर सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर भाग निकला। एक्सीडेंट प्रार्थी के दाहिने हाथ की कलाई तथा उसकी मां लक्ष्मी पुष्टी के दाहिना पैर, सिर में चोट आयी है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 184 मोटर व्हीकल एक्ट, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

# जोंक नदी के बल्दीडीह घाट से अवैध रेत उत्खनन और परिवहन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना/महासमुंद

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बल्दीडीह स्थित जोंक नदी के रेत घाट से अवैध रूप से रेत उत्खनन कर धड़ल्ले से परिवहन किए जाने का मामला सामने आया है। रेत माफिया बेखौफ होकर नदी से रेत निकाल रहे हैं और बिना रॉयल्टी के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से उसका परिवहन कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों की मानें तो अवैध रेत उत्खनन की जानकारी खनिज विभाग के अधिकारियों को होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कार्रवाई नहीं होने के कारण रेत माफियाओं के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। अवैध उत्खनन से न केवल शासन को आर्थिक क्षति हो रही है, बल्कि नदी के पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। बताया जा रहा है कि सांकरा क्षेत्र में जोंक नदी के किनारे अवैध वसूली करने वाले लोग पर्ची और रजिस्टर के माध्यम से राशि वसूल रहे हैं। इन पर्चियों और रजिस्टरों को जब्त कर जांच करना आवश्यक बताया जा रहा है, ताकि अवैध वसूली के पूरे नेटवर्क का खुलासा हो सके। अब देखना यह होगा कि राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा इस गंभीर मामले में कब और किस तरह की कार्रवाई की जाती है।

## रेत माफियाओं के हौसले बुलंद, फर्जी रसीद थमाकर पहुंचा रहे राजस्व की हानि

### फर्जी रसीद से शासन को राजस्व का नुकसान

शासन द्वारा प्रति घन मीटर रेत की निर्धारित दर 193 रुपए है। इस हिसाब से एक ट्रैक्टर-ट्रॉली में 3 घन मीटर रेत का शुल्क 579 रुपए निर्धारित है, लेकिन रेत माफियाओं द्वारा मात्र 300 रुपए प्रति ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फर्जी रसीद थमाई जा रही है और वाहनों को बिना रॉयल्टी छोड़ा जा रहा है। इससे खनिज विभाग को लाखों-करोड़ों रुपए के राजस्व का नुकसान हो रहा है।



### जांच टीम भेजे जाने की तैयारी

इस संबंध में महासमुंद जिला खनिज अधिकारी फागूलाल नागेश ने कहा कि मामले की जांच के लिए टीम भेजी जाएगी और अवैध रेत उत्खनन व परिवहन पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं नायब तहसीलदार ललित सिंह ने भी कहा कि शासन के नियमों के तहत दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

### लिलेसर रेत घाट से अवैध उत्खनन की शिकायत, भाजपाई नेत्री के रिश्तेदारों के नाम आए सामने

जिले के बागबाहरा क्षेत्र अंतर्गत लिलेसर इलाके से जोंक नदी से अवैध रेत उत्खनन की शिकायत सामने आई है। हाल ही में खनिज विभाग द्वारा यहां कार्रवाई भी की गई थी। लेकिन, सत्ता पक्ष के दबाव और अफसरों से सांठगांठ के चले कतिपय इस समाचार का खुलासा नही किया गया और कलेक्टर को जानकारी में लाए बिना ही मामला निचले स्तर रफा दफा किए जाने की बात सामने आई है। बताया जा रहा है कि यहां बिना किसी वैध अनुमति के नदी से रेत निकाली जा रही है और ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के माध्यम से उसका परिवहन किया जा रहा है। रेत निकालने वाले एक नवनियुक्त भाजपाई पदाधिकारी के पति का नाम सामने आ रहा है। जिसके द्वारा न तो खनिज विभाग की अनुमति ली गई है और न ही शासन को निर्धारित रॉयल्टी का भुगतान किया जा रहा है। इससे शासन को राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है।

### समस्या : ई-केवाईसी प्रक्रिया बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए बनी मुसीबत

# फिंगरप्रिंट के चक्कर में अटका दिव्यांगों और बुजुर्गों का राशन, रेटिना स्कैन आखिरी उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

शासन द्वारा राशन कार्डों के नवीनीकरण और पारदर्शिता के लिए अनिवार्य की गई ई-केवाईसी प्रक्रिया अब जिले के सबसे कमजोर तबके बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए मुसीबत का सबब बन चुका है। जिले में हजारों ऐसे उपभोक्ता हैं जिनके फिंगरप्रिंट मशीन द्वारा स्वीकार नहीं किए जा रहे हैं। इसके चलते न केवल उनका केवाईसी अधूरा है, बल्कि कई परिवारों के राशन आवंटन में कटौती या उसे शून्य दिखाए जाने की शिकायतें भी सामने आ रही हैं।

जिले में अंत्योदय, निराश्रित, प्राथमिकता और निःशक्त श्रेणी के कुल 3 लाख 60 हजार 186 राशन कार्डधारी हैं। इनमें से एक बड़ी संख्या उन लोगों की है जिनकी उम्र अधिक होने के कारण हाथ की रेखाएं घिस चुकी हैं या जो शारीरिक रूप से इतने अक्षम हैं कि ई-पॉस मशीन पर फिंगर स्कैन नहीं दे पा रहे हैं। जिले के श्रेणीवार आंकड़ों पर नजर डाले तो प्राथमिकता



कार्डधारी संख्या 2,68,933, अंत्योदय कार्डधारी 48,487, निराश्रित कार्ड 2,147 एवं निःशक्त (दिव्यांग) कार्ड 1,085 हितग्राही सामिल है। इन श्रेणियों में शामिल हजारों लोग पिछले कई महीनों से राशन दुकानों और सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन फिंगर स्कैन का कोई वैकल्पिक रास्ता न होने के कारण उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है।

### रेटीना स्कैन बना आखिरी उम्मीद

खाद्य विभाग ने स्वीकार किया है कि जिले में फिंगर स्कैन न होने की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इस समस्या को सुलझाने के लिए विभाग ने मंत्रालय और संचालनालय रायपुर को पत्र लिखकर रेटीना स्कैन का विकल्प उपलब्ध कराने की मांग की है।

जब तक संचालनालय से रेटीना स्कैन की अनुमति या मशीनें उपलब्ध नहीं होतीं, तब तक इन विशेष मामलों में केवाईसी करना संभव नहीं है। विभाग ने पत्र में स्पष्ट किया है कि बुजुर्गों और दिव्यांगों की सुविधा के लिए बायोमेट्रिक के अन्य माध्यमों को जोड़ना अनिवार्य हो गया है।

### जनदर्शन में उठ चुका है यह मामला

हाल ही में कलेक्टर जनदर्शन में आए कुछ आवेदनों ने इस समस्या की गंभीरता को उजागर किया है। वार्ड नंबर 12 महासमुंद निवासी अकिल मोहम्मद ने बताया कि उनकी पुत्री नाहिद अंजुम (राशन कार्ड क्र. 223850362068) की दिव्यांगता का प्रतिशत 80 है। वहीं दूसरी बेटी अनवरी फातिमा भी दिव्यांग है और देख नहीं सकती। चलने-फिरने में असमर्थ होने और शारीरिक बनावट के कारण उनका ई-केवाईसी नहीं हो पा रहा है। पिता नॉमिनी होने के बावजूद तकनीकी व्यवस्था के अभाव में बेबस हैं। ग्राम परसदा निवासी पुरुषोत्तम कुमार ध्रुव के एपीएल राशन कार्ड में 6 सदस्य हैं। उनके परिवार के एक सदस्य मानसिक रूप से कमजोर हैं। मानसिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनका ई-केवाईसी संभव नहीं हो पाया, जिसका परिणाम यह हुआ कि राशन दुकान में उनका आवंटन शून्य दिखाया जा रहा है।

# एसडीएम का हवाला देते हुए दबंगई से पटवारी ने छुड़वाया धान से भरा हुआ ट्रक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

धान तस्करी पर नकेल कसने निकले पटवारियों के जांच दल को पहले धान मालिक पश्चात उसके साथी प्रभावशाली पटवारी द्वारा और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। ओडिशा नंबर की मिनी ट्रक से अवैध परिवहन कराये जाने में भंवरपुर हल्का पटवारी लालकृष्ण देवांगन की संलिप्तता पाये जाने पर पटवारी संघ में आक्रोश देखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025/26 के अंतर्गत धान खरीदी केंद्रों में शेष किसानों के टोकन एवं भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी प्रशासन ने पटवारियों को दी है। अलग अलग मार्गों पर अवैध धान परिवहन रोकने के लिए भी पटवारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उमरिया भंवरपुर मार्ग की जिम्मेदारी पटवारी तिलक राम चौधरी, क्षीरसागर पटेल, विजय कुमार ठाकुर एवं सुरेंद्र कुमार डड़सेना को दी गई थी। 21 दिसंबर की रात को अवैध धान परिवहन की सूचना मिली थी। एसडीएम के निर्देशानुसार पटवारी तिलक राम चौधरी, क्षीरसागर पटेल, विजय कुमार ठाकुर एवं सुरेंद्र कुमार डड़सेना गश्त पर निकले थे। 21 दिसंबर 2025 की रात को लगभग 03 बजे सरायपाली से भंवरपुर के तरफ आ रहे ओडिशा नंबर की ट्रक क्रमांक ओडी एएफ 8793 को उमरिया भंवरपुर नाला के पास रोका गया।

पूछताछ में वाहन चालक ने ट्रक में 420 कट्टा धान होना बताया, जिसकी सूचना एसडीएम राजस्व को दी गई। इसी दौरान वाहन मालिक को पता चलते ही वहां पहुंच कर पटवारी लालकृष्ण देवांगन से बात करवाकर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। बात नहीं बनने पर लालकृष्ण देवांगन पटवारी ने आकर पटवारियों को धमकाते हुए कहा कि ये मेरा धान है। एसडीएम, तहसीलदार, मंडी अधिकारियों से बात हो गई कहते हुए दबंगता के धान से भरे ट्रक को वापस सरायपाली की ओर भगा दिया।



### ओडिशा पासिंग ट्रक से किया जा रहा था धान का अवैध परिवहन

इस घटना की जानकारी मिलते ही पटवारी संघ ने एसडीएम, कलेक्टर को लिखित शिकायत देते हुए आडियो वीडियो प्रमाण उपलब्ध होने की बात कही है। बता दें कि अवैध धान परिवहन को लेकर शासन-प्रशासन के निर्देशानुसार पटवारियों ने पूरी निष्ठा के साथ काम कर रहे हैं। लेकिन, एक ऐसे पटवारी जिन्होंने शासन के नियमों की अवहेलना करते दबंगई किया है।



## निर्माण कार्य में लापरवाही पर नपाध्यक्ष ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय वार्ड क्रमांक 4 मां शारदा मंदिर के समीप तुमगांव रोड पर चल रहे सड़क चौड़ीकरण सहित नाली निर्माण कार्यों का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान ठेकेदार एवं विभाग की घोर लापरवाही सामने आई। घटिया एवं गुणवत्ताहीन नाली निर्माण के कारण नाली का दूषित पानी आसपास के घरों के कुएं एवं बोरवेल के पानी में मिल गया है। जिससे क्षेत्र का पेयजल पूरी तरह दूषित हो गया है। पानी में बदबू एवं झाग स्पष्ट रूप से नजर आ रहा है, जो स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि यह जल किसी भी प्रकार के उपयोग योग्य नहीं है। जिससे आम नागरिकों के स्वास्थ्य को गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पालिका अध्यक्ष साहू ने पीडब्ल्यूडी के मुख्य कार्यपालन अभियंता शेखर चंद्राकर से दूरभाष पर चर्चा कर कड़ी नाराजगी जताई एवं तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने कहा कि नागरिकों के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी विभाग एवं ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जनस्वास्थ्य की सुरक्षा नगर पालिका की सर्वोच्च प्राथमिकता है। जिम्मेदारों को हर हाल में जवाबदेह बनाया जाएगा।

# मौसम का यू-टर्न, आसमान में बादल, बूंदाबांदी की आशंका ने बढ़ाई धान सुरक्षा की चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में पिछले 24 घंटों के भीतर मौसम ने अचानक करवट ले ली है। रविवार सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। जिसके चलते तापमान में गिरावट और नमी के कारण जहां शहरी इलाकों में हल्की ठंड महसूस की जा रही है, वहीं वनांचल क्षेत्रों में पारा गिरने से ठिठुरन काफी बढ़ गई है। मौसम विभाग ने आगामी एक-दो दिनों में जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, उत्तर-पश्चिम भारत में एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय है, जिसके प्रभाव से एक चक्रवाती सिस्टम और द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ के मौसम में यह बदलाव आया है। जिले में अधिकतम तापमान 25.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 11 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। शाम ढलने के बाद ठंडी हवाओं के चलते लोग जल्दी घरों में दुबकने लगे हैं। शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर सामान्य दिनों की तुलना में चहल-पहल कम देखी गई। सरायपाली, बसना और पिथौरा के ग्रामीण व वन क्षेत्रों में ठंड का प्रकोप अधिक है। यहां शाम होते ही घना कोहरा और कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है, जिससे बचने के लिए ग्रामीण अलाव का सहारा ले रहे हैं। बार-बार बदलते मौसम का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। अस्पतालों में सर्दी, खांसी और वायरल बुखार के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। डॉक्टरों ने बच्चों और बुजुर्गों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।




### आगामी दिनों के लिए चेतावनी

मौसम विभाग की मानें तो अगले 48 घंटों तक आसमान में बादल छाए रहेंगे। कुछ स्थानों पर गरज-चमक के साथ हल्की बौछारें पड़ने की भी संभावना है। प्रशासन ने सभी धान खरीदी केंद्रों के प्रभारियों को अलर्ट पर रहने और ड्रेनेज की व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं ताकि बारिश की स्थिति में पानी का जमाव न हो सके।



### धान खरीदी केंद्रों पर मंडराया संकट

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। जिले के लगभग सभी उपार्जन केंद्रों में किसानों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लेकिन मौसम के अचानक बिगड़ने से प्रशासन और किसानों की चिंता बढ़ गई हैं। जिले के कई उपार्जन केंद्रों में पर्याप्त शेड की व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में हजारों क्विंटल धान खुले आसमान के नीचे रखा हुआ है। यदि मौसम विभाग का अनुमान सच साबित होता है और बूंदाबांदी होती है, तो धान के भीगने और खराब होने का बड़ा खतरा है।



## खबर संक्षेप

### दुर्गानगर मामले पर ओछी राजनीति न करें कांग्रेसी

**रायपुर।** मनोनीत पार्षद एवं भाजपा जिला कार्यसमिति सदस्य टीटी बेहरा ने ने विज्ञप्ति के माध्यम से कहा है कि सिविल लाइंस वार्ड के दुर्गानगर में हाउसिंग बोर्ड की महत्वपूर्ण परियोजना का क्रियान्वयन होना है। इस पर काबिज 130 मकानों का हाउसिंग बोर्ड ने नगर निगम के नियमानुसार पैसा भी जारी कर दिया है। दुर्गानगर में निवासरत 130 लोगों को कचना के अटल आवास में आवंटन दे दिया गया है। इस मामले में क्षेत्रीय विधायक आमजनों के संबंध में वित्तमंत्री को पत्र लिख चुके हैं। इसके बावजूद विधायक को बदनाम करने के लिए कुछ कांग्रेस गलत बयानबाजी कर रहे हैं।

### विकास को मिली सच बोलने की सजा: भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कांग्रेस नेता विकास तिवारी को पद से हटाने को 'सच बोलने की सजा' बताया है। श्री दीपक ने कहा, कांग्रेस दूसरों पर कीचड़ उछालने की राजनीति तो खूब करती है,



लेकिन अपने कीचड़ सने हाथों की सफाई की नसीहत कांग्रेस को कितनी नागवार गुजरी, यह श्री तिवारी को पद से हटाए जाने से पूरे प्रदेश को पता चल गया। लोकतंत्र की हत्या होने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में खुद आंतरिक लोकतंत्र की कमी है और किसी भी कार्यकर्ता द्वारा प्रश्न उठाना कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं है। श्री दीपक ने कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का नार्को टेस्ट कराने का शोर मचाते कांग्रेस नेताओं को अपना नार्को टेस्ट कराने में इतनी बेचैनी क्यों हो रही है।

### मंत्री की निष्क्रियता पर सवाल उठाना समाज के गौरव पर हमला नहीं

**रायपुर।** बिलासपुर के लिंगियाडीह की सभा में डिप्टी सीएम अरुण साव की कार्यशैली को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बयान को जातिगत रंग देने के प्रयास की कड़ी निंदा करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त महामंत्री डॉ. अजय साहू ने कहा है कि वर्तमान सरकार के एक जिम्मेदार उपमुख्यमंत्री, जो पीडब्ल्यूडी विभाग के मंत्री भी हैं, उनके द्वारा किए जा रहे दावे और बिलासपुर की राजनीति में उनकी सक्रियता की नौटंकी से जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। इसी संदर्भ में प्रचलित बंदर की कहानी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुनाई, यह बयान किसी जाति, धर्म, संप्रदाय या संस्थान के खिलाफ कदापि नहीं है। मंत्री की अक्षमता छुपाने के लिए इस तरह से समाज का आड़ लेकर जवाबदेही से बचने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है।

### मुंबई महानगर पालिका चुनाव के लिए प्रदेश के दो महापौर और पूर्व सभापति को भी जिम्मा

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठन के छत्तीसगढ़ ने भाजपा नेताओं का उपयोग दूसरे राज्यों के विधानसभा चुनावों में तो करता ही है, अब मुंबई महा नगर पालिका के चुनाव में प्रदेश के दो महापौरों जगदलपुर के महापौर संजय पांडेय तथा धमतरी के महापौर रामू रोहरा के साथ ही रायपुर नगर निगम के पूर्व सभापति और नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव को जिम्मा दिया गया है। ये मुंबई में पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव ने कहा, पूरे देश में भाजपा के पक्ष में माहौल है। मुंबई के लोग भी स्थानीय निकाय के चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के मूड में है। मुंबई महा नगर पालिका का चुनाव अभी निर्धारित समय से तीन वर्षों के बाद होने जा रहा है। यह चुनाव वर्ष 2022 में होना था, लेकिन तब यह टल गया और अब इसका चुनाव कराया जा रहा है। मुंबई महा नगर पालिका का चुनाव काफी विस्तृत होता है और इसके अंतर्गत 6 जिले आते हैं, जिसमें 227 वार्ड शामिल है। भारतीय जनता पार्टी इस चुनाव में शिवसेना शिंदे के साथ गठबंधन कर चुनाव लड़ रही है। इसमें छत्तीसगढ़ और मध्यप्रदेश से तीन-तीन तथा उत्तरप्रदेश और गुजरात से एक-एक सदस्य कुल आठ सदस्यों की टीम पार्टी के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंची हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद मिलेगा प्रदेश भाजपा को नया प्रभारी, संगठन करेगा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के कारण होगी नई नियुक्ति

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन के भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद अब छत्तीसगढ़ के प्रदेश भाजपा संगठन को नया प्रदेश प्रभारी मिलना लगभग तय हो गया है।

इस माह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद ही नए प्रदेश प्रभारी की नियुक्ति होने की संभावना है। इसका जिम्मा किसे दिया जाएगा, इसको लेकर प्रदेश भाजपा संगठन के नेताओं के पास कोई जानकारी नहीं है। इनका कहना है, जो भी होगा राष्ट्रीय संगठन तय करेगा। एक बात तय मानी जा रही है कि किसी ऐसे नेता को प्रदेश का प्रभारी बनाया जाएगा जो 2028 में होने वाले विधानसभा के चुनाव में भी अहम भूमिका निभा सके।

प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार लाने के पीछे जहां भाजपा के प्रदेश प्रभारी



ओम माथुर का बड़ा हाथ रहा, वहीं सह प्रभारी के रूप में चुनाव के समय में काम करने वाले नितिन नवीन का भी अहम रोल रहा। विधानसभा चुनाव के बाद नितिन नवीन को छत्तीसगढ़ का प्रदेश प्रभारी बना दिया गया था। उनके नेतृत्व में यहां पर लोकसभा के चुनावों के बाद नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव हुए तो इसमें भाजपा को बड़ी सफलता मिली। अब श्री नवीन को भाजपा का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया गया है तो यह माना जा रहा है कि उनके स्थान पर छत्तीसगढ़ में प्रदेश प्रभारी का जिम्मा किसी दूसरे नेता को दिया जाएगा। अब ये दूसरे नेता कौन होंगे, इसका फैसला तो राष्ट्रीय संगठन ही करेगा। इस माह 20 जनवरी से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होने की संभावना है। इस चुनाव में छत्तीसगढ़ की अहम भूमिका होगी। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी प्रस्वातक और समर्थक बनेंगे। नितिन नवीन को ही पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के बाद भाजपा का राष्ट्रीय संगठन कई राज्यों के प्रदेश प्रभारी तय करेगा तो उसी के साथ छत्तीसगढ़ का भी नया प्रदेश प्रभारी तय होगा।

## शहर में बढ़े 561 मतदान केंद्र, औसत मतदाता घटकर हुए 550

# मतदान केंद्र बढ़ने के साथ ही बूथ में औसत मतदाताओं की संख्या हजार से भी कम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एसआईआर के साथ ही निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्र बढ़ाने का निर्णय लिया है। मतदान केंद्रों में औसत मतदाता की संख्या को कम करने का निर्णय लिया गया है। पहले यह संख्या 1200 से 1500 के बीच होती थी, जो घटकर अब 550 से 800 तक हो जाएगी। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के अनुसार, नए मतदान केंद्र मुख्य रूप से उन इलाकों में बनाए जा रहे हैं, जहां जनसंख्या घनत्व बढ़ा है या प्रति बूथ मतदाताओं की संख्या 1200 से अधिक हो गई है। जिन क्षेत्रों में भौगोलिक कठिनाइयों के कारण मतदान नहीं कर पाए थे, वहां भी विशेष रूप से केंद्र स्थापित किए गए हैं। अब किसी भी मतदाता को दो किमी से अधिक दूरी मतदान के लिए नहीं तय करनी होगी।

प्रदेश में पूर्व में कुल मतदान केंद्रों की संख्या 24371 थी, 2828 नए मतदान केंद्र बनाए जाने से यह बढ़कर 27199 हो जाएगी। राज्य के कुल मतदाताओं की संख्या के अनुपात में औसत मतदाताओं की संख्या हर मतदान केंद्र में घट जाएगी।बताया जाता है कि एसआईआर के पहले जो सूची थी उसमें 2 करोड़ 12 लाख मतदाता थे। निर्वाचन आयोग ने जो पुनरीक्षित सूची जारी की है उसमें नए केंद्रों का उल्लेख किया है।मतदाताओं को अपना नाम खोजने में दिक्कत हो रही है। बताया गया है कि एसआईआर के अंतिम मतदाता सूची आने के बाद कुल मतदाता संख्या में कमी आने की संभावना है। ऐसे में प्रति मतदान केंद्र में मतदाताओ की और संख्या काफी कम हो जाएगी।



### शहर के अधिकतर मतदान केंद्रों में औसत 500-600 मतदाता

रायपुर शहर के अंतर्गत रायपुर ग्रामीण, रायपुर पश्चिम, रायपुर उत्तर एवं रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्रों में मतदान केंद्रों की संख्या बढ़ा दी गई है। रायपुर ग्रामीण में जहां पूर्व में 327 मतदान केंद्र थे, अब उनकी संख्या 491 कर दी गई है। इसी प्रकार रायपुर पश्चिम में 283 से बढ़ाकर 385, रायपुर उत्तर में 204 से बढ़ाकर 259 तथा रायपुर दक्षिण में 253 से बढ़ाकर 344 मतदान केंद्र कर दिए गए हैं। इन आंकड़ों का विश्लेषण करें तो अधिकांश मतदान केंद्रों में औसतन केवल 500 से 600 मतदाता ही दर्ज हैं। वहीं कई बूथों पर यह संख्या 200 से 230 तक सिमट गई है।

### नाम खोजने और सत्यापन में परेशानी

मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद मतदान केंद्रों की संख्या में परिवर्तन किए जाने से बीएलए को अपने-अपने बूथ पर मतदाताओं का नाम खोजने, सत्यापन करने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीण और नक्सल प्रभावित जिले शामिल

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग के नए केंद्रों में लगभग 45 प्रतिशत ग्रामीण इलाकों में और 25 प्रतिशत नक्सल प्रभावित जिलों में बनाए गए हैं। आयोग का उद्देश्य यह है कि किसी भी मतदाता को अपने घर से मतदान केंद्र तक जाने के लिए दो किलोमीटर से अधिक दूरी तय न करनी पड़े। वहीं इस बार दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं की सुविधा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हर नए मतदान केंद्र पर व्हीलचेयर, रैंप, पेयजल और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएंगी, ताकि सभी मतदाता बिना किसी असुविधा के मतदान कर सकें।

# बालोद जंबूरी का टेंडर खुलने से पहले ही काम पूरा : सुबोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सुबोध हरितवाल ने आरोप लगाया कि छत्तीसगढ़ में जेम पोर्टल से होने वाली सरकारी निविदाओं की पारदर्शिता एक बार फिर कठघरे में है। सवाल यह नहीं है कि टेंडर में गड़बड़ी हुई या नहीं, सवाल यह है कि क्या टेंडर खुलने से पहले ही यह तय कर लिया गया था कि काम किस कंपनी को मिलना है। बालोद जिले में प्रस्तावित नेशनल लेवल रोवर-रेंजर जंबूरी 2026 के आयोजन को लेकर सामने आए हालात इसी ओर इशारा कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि जानकारी के अनुसार जंबूरी आयोजन का टेंडर 3 जनवरी को सुबह 12 बजे जेम पोर्टल पर खुलना था, लेकिन इससे पहले ही आयोजन स्थल शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज बालोद में एक निजी कंपनी ने काम शुरू कर दिया। मौके पर भारत किराया भंडार के ट्रक, सामग्री और श्रमिकों की मौजूदगी ने यह साफ कर दिया कि काम पूरी तैयारी के साथ शुरू हो चुका है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब टेंडर प्रक्रिया पूरी ही नहीं हुई थी, तो कंपनी को किसके आदेश पर काम शुरू करने की छूट मिली। यह भी सवाल उठ रहा है कि जेम पोर्टल जैसी ऑनलाइन और कथित तौर पर पारदर्शी प्रणाली के बावजूद टेंडर की जानकारी पहले ही कैसे लीक हो गई।

### मंत्री और विभागीय अफसरों की भूमिका संदिग्ध

सुबोध हरितवाल ने कहा, मामले को और संदिग्ध तब बना दिया जब टेंडर दस्तावेज में दिए गए संबंधित अधिकारी के मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन तय समय पर फोन स्विच ऑफ मिला। सवाल यह भी है कि क्या अधिकारी जवाबदेही से बचने के लिए जानबूझकर संपर्क से दूर रहे। पूरे घटनाक्रम में बड़े पैमाने पर लेन-देन और पूर्व-निर्धारित ठेके की चर्चा भी सामने आ रही है।

# तकनीकी अड़ंगा लगाकर आरक्षित वर्ग के बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राशन कार्ड से मिसमैच और बैंक खातों में केवाईसी की अनिवार्यता के नाम पर छात्रवृत्ति से वंचित करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भारतीय जनता पार्टी की सरकार नहीं चाहती कि गरीब बच्चों को शिक्षा सहायता मिल सके। इसीलिए नई-नई शर्तें लगाकर अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग के छात्रों को मिलने वाली छात्रवृत्ति की राशि रोकी जा रही है। सरकार की दुर्भावना से अधिसंख्यक छात्र छात्राएं योजना के लाभ से वंचित हो रहे हैं।



गणवेश, साइकिल सहित अन्य सुविधाओं में भी उपस्थिति और अन्य अव्यावहारिक शर्तें लगाकर षड्यंत्रपूर्वक बच्चों को उनके जायज़ हक से वंचित किया जा रहा है। तकनीकी बाधाओं को दूर कर सत्यापन को आसान बनाए और छात्रवृत्ति की राशि बच्चों को तत्काल प्रदान करे सरकार। उन्होंने कहा, पूर्ववर्ती सरकार के दौरान स्कूली शिक्षा विभाग के द्वारा छत्तीसगढ़ के छात्रों को 30 तरह की योजनाओं के तहत स्कॉलरशिप की राशि दी जाती थी, लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार आने के बाद उन योजनाओं में अड़ंगेबाजी शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ के स्कूलों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं के खाते में इस वर्ष छात्रवृत्ति की राशि अब तक नहीं पहुंचाई है। आधार कार्ड और राशन कार्ड में मिसमैच बताकर कई छात्रों का पंजीयन ही नहीं किया गया, अनेकों छात्र छात्राओ को केवाईसी का बहाना करके योजना से बाहर कर दिया गया।

# नितिन नवीन से मिले प्रदेश के भाजपा नेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से शनिवार को नई दिल्ली में प्रदेश के भाजपा नेताओं ने मुलाकात कर उनको बधाई दी। श्री नवीन से मिलने वालों में अपैक्स बैंक के अध्यक्ष केदार नाथ गुप्ता के साथ भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास, अमित मैसेरी शामिल हैं।

# मनरेगा का नाम बदलने के विरोध में 10 जनवरी से कांग्रेस का आंदोलन

## ग्राम और जिला स्तर पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलने को लेकर कांग्रेस ने पूरे प्रदेश में आंदोलन चलाने की घोषणा की है। ग्रामीण आजीविकाओं पर गंभीर हमले की गंभीरता को देखते हुए कांग्रेस कार्यसमिति ने 27 दिसंबर को हुई अपनी बैठक में सर्वसम्मति से मनरेगा बचाओ संग्राम नामक एक राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया, ताकि काम के अधिकार की रक्षा की जा सके और मनरेगा को उसके मूल अधिकार-आधारित स्वरूप में बहाल किया जा सके।

मनरेगा बचाओ संग्राम 10 जनवरी को जिला स्तरीय प्रेस कॉन्फ्रेंस, 11 जनवरी को एक दिवसीय उपवास एवं प्रतीकात्मक विरोध जिला मुख्यालयों या प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, जैसे महात्मा गांधी या डॉ. बीआर आंबेडकर की प्रतिमाओं के पास, पार्टी नेताओं, निर्वाचित प्रतिनिधियों और मनरेगा श्रमिकों की भागीदारी के साथ एक दिवसीय उपवास किया जाएगा।

### 17 दिन चलेगा अभियान

12 से 29 जनवरी पंचायत स्तर पर जनसंपर्क सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत स्तर की चौपालें और जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस चरण के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष तथा नेता प्रतिपक्ष के पत्र ग्राम प्रधानों, पूर्व ग्राम प्रधानों, रोजगार सेवकों और मनरेगा श्रमिकों तक पहुंचाए जाएंगे। साथ ही विधानसभा स्तर पर नुक्कड़ सभाएं और पर्चा वितरण भी किया जाएगा।



### 30 जनवरी को वार्ड स्तर पर धरना

वार्ड और ब्लॉक स्तर पर शांतिपूर्ण धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनमें अहिंसा, संवैधानिक मूल्यों और काम के अधिकार पर जोर दिया जाएगा। 31 जनवरी से 6 फरवरी जिला स्तरीय मनरेगा बचाओ धरना होगा। जिला कलेक्टर कार्यालयों पर धरने आयोजित किए जाएंगे, जिनके पश्चात वीबी-जीराम-जी विधेयक को वापस लेने और मनरेगा को उसके मूल स्वरूप में बहाल करने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपे जाएंगे।

### 7 से 15 फरवरी तक राज्य स्तरीय विस घेराव

पीसीसी के नेतृत्व में राज्य स्तर पर विधानसभाओं का घेराव किया जाएगा, जिसमें अधिकतम मोबिलाइजेशन के माध्यम से केंद्र सरकार की जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने की नीति और राज्यों पर डाले जा रहे बोझ को उजागर किया जाएगा।

### 16 से 25 फरवरी क्षेत्रीय एआईसीसी रैलियां

अभियान के समापन के रूप में एआईसीसी द्वारा चार प्रमुख क्षेत्रीय रैलियों का आयोजन किया जाएगा। स्थलों और तिथियों का विवरण अलग से सूचित किया जाएगा।

### माघ मेला पर दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का प्रयाग स्टेशन में ठहराव

रायपुर। रेलवे प्रशासन द्वारा प्रयागराज में आयोजित होने वाले माघ मेला 2026 में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं एवं रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस का अस्थायी ठहराव उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के



प्रयाग स्टेशन में 2 मिनट के लिए दिया जा गया है। 1 जनवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक दुर्ग से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18205 दुर्ग-नौतनवा एक्सप्रेस प्रयाग स्टेशन में ठहराव के साथ चल रही है। यह गाड़ी प्रयाग स्टेशन 11:18 बजे पहुंचेगी तथा 11:20 बजे रवाना होगी।

# कफ सीरप, गांजा के साथ चार आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाने की पुलिस ने ओडिशा से तस्करी कर ला रहे 75 सीसी कफ सीरप, एक किलो गांजा के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कफ सीरप तथा गांजा तस्करी करने के आरोप में ओडिशा, बरगढ़ निवासी डिलेश्वर मेहर के साथ खमतराई थाना क्षेत्र में रहने वाले लेखू सिन्हा, निखिल सिन्हा तथा योगेश ध्रुव को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तस्करों को लखौली टोल प्लाजा के पास घेराबंदी कर पकड़ा है।

### शराब पीने पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला आरोपी गिरफ्तार

धरसींवा थाने की पुलिस ने शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर चाकू से हमला करने के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सागर निषाद की शिकायत पर भनपुरी निवासी तोरण चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। उसके एक अन्य साथी देवेंद्र को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। सागर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 26 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ धनेली तालाब में नहाने के लिए गया था।

**छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा कीमत पर धान खरीदने वाला राज्य**

# मंत्री नेताम ने कहा- 2 साल में बीज, कृषि यंत्र और सिंचाई में बड़ा काम, पशुपालन भी बढ़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, छत्तीसगढ़ पूरे देश में सबसे ज्यादा दर पर धान खरीदने वाला राज्य है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों को धान पर बोनस भी देती है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर कृषि विभाग द्वारा किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए कई अहम काम किए गए हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं। पिछले दो वर्षों में बीज, कृषि यंत्र और सिंचाई में बड़ा काम हुआ है। किसानों को 21 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज वितरित, 5,000 से अधिक किसानों को कृषि यंत्र वितरित, 2,200 से अधिक किसानों को ट्रैक्टर, 22,000 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और स्प्रिंकलर सिंचाई, 33,000 से अधिक किसानों को इसका लाभ मिला है।



### किसानों को समय पर मिल रहे खाद-बीज

मंत्री नेताम ने कहा, सरकार ने पीपीटी के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराए गए। पहले खाद-बीज की उपलब्धता सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और इसका सकारात्मक असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ा है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। अब तक 18,644 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं और 31 जनवरी तक शेष किसानों से भी धान खरीदी पूरी कर ली जाएगी। पिछले दो वर्षों में धान की रिकॉर्ड खरीदी दर्ज की गई है।

### सरकार की प्राथमिकता में दलहन-तिलहन

मंत्री ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, गौधाम योजना के तहत गौठानों की स्वीकृति, पशुओं के इलाज व देखभाल की व्यवस्था तथा पॉम ऑयल की खेती के प्रति बढ़ते रुझान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अब दलहन, तिलहन और मसालों की खेती की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव शहला निगार ने विभागीय उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा, मिट्टी की उर्वरता और जलवायु को ध्यान में रखते हुए कृषि योजनाएं तैयार की जा रही हैं। प्राकृतिक उर्वरकों को बढ़ावा दिया जा रहा है और एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से आबंटन किया जाएगा। रबी फसलों के क्षेत्र विस्तार के साथ दलहन-तिलहन को सरकार की प्राथमिकता में रखा गया है।

## खबर संक्षेप

### केवल जमानत मिल जाना दोषमुक्त होना नहीं माना जाता : चिमनानी



**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अमित चिमनानी ने कहा, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को केवल जमानत मिलने पर कांग्रेस के कुछ नेताओं द्वारा सत्यमेव जयते के पोस्टर उनके फोटो के साथ लगाए गए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जिनके यह बेटे हैं, वह भी इसी प्रकार की बातें कर रहे हैं। श्री चिमनानी ने कहा, चैतन्य बघेल अगर जमानत मिलने पर दोष मुक्त मान लिए जाएंगे, तो कवासी लखमा जमानत नहीं मिलने से क्या दोषी मान लिए गए हैं। क्या कांग्रेस ने यह मान लिया है कि पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा ही इस शराब घोटाले के सरगना थे। अगर नहीं तो यह दोहरा रवैया पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे और एक आदिवासी नेता के लिए क्यों है। क्यों नहीं यह माना जाए कि एक आदिवासी नेता को कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री ने मोहरा बनाया और आज उन्हें कांग्रेस पार्टी ने अकेला छोड़ दिया है। श्री चिमनानी ने कहा, जिन भी लोगों ने छत्तीसगढ़ सरकार के राजस्व पर डाका डालने का प्रयास किया था, उनमें एक भी व्यक्ति छोड़ा नहीं जाएगा।

### रायपुर में हर माह 3 करोड़ से ज्यादा की साइबर ठगी

**रायपुर।** सिस्टम का जैसे-जैसे डिजिटिलाइजेशन होता जा रहा है, वैसे-वैसे पुलिस की चुनौती बढ़ती जा रही है। साइबर ठगी रोकने रेंज साइबर पुलिस का गठन होने के बाद ऐसी घटनाओं में शामिल आरोपी पहले की तुलना में ज्यादा दबोचे जा रहे हैं। वर्ष 2025 में अकेले रायपुर रेंज में साइबर ठगों ने लोगों की बैंक में जमा गाढ़ी खून पसीने की कमाई पर सेंध लगाते हुए हर माह 3.41 करोड़ रुपए से ज्यादा का सेंध लगाई है। जालसाजों ने एक वर्ष में 41 करोड़ रुपए से ज्यादा की ठगी की है। इनमें से रेंज साइबर पुलिस ने 32 करोड़ रुपए होल्ड कराने के साथ ही चार करोड़ रुपए पीड़ितों को वापस दिलाए हैं। साथ ही सात करोड़ रुपए पीड़ितों को वापस दिलाने प्रक्रियाधीन है। पुलिस के मुताबिक, रेंज साइबर पुलिस ने 106 ठगी के प्रकरणों की जांच की है। जालसाजी के इन प्रकरणों में रेंज साइबर पुलिस ने 415 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ठगी के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया गया है, उनमें तीन नाइजीरियन नागरिक होने के साथ ही आठ बैंकर सीए शामिल हैं। रेंज साइबर पुलिस ने एक साल में तीन हजार म्यूल अकाउंट क्लोज कराने का काम किया है।

**मनमानी:** अवैध कब्जा हटाने नायब तहसीलदार ने जारी किया था नोटिस

# बरोली के शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

- निर्मल सिदार द्वारा शासन के नियमों की अवहेलना कर धड़ल्ले से किया जा रहा अवैध निर्माण



ग्राम पंचायत बरोली में शासकीय भूमि गौठान पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत के शिकायत पर नायब तहसीलदार ने अवैध निर्माण रोके जाने नोटिस जारी किया है, लेकिन अतिक्रमणकारी के शासन के नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए अवैध निर्माण बदस्तूर जारी है।इसे रोका जाना अत्यंत आवश्यक है।

बता दें कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार द्वारा पूरे छत्तीसगढ़ में नरवा, गरवा, घुरवा अऊ बारी के संरक्षण के लिए प्रत्येक पंचायत में गौवंश को सुरक्षित रखने गौठान का निर्माण किया गया है। बता दें कि बसना विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोली में गौठान के लिए एक एकड़ जमीन आरक्षित कर निर्माण कार्य कराया गया था। परंतु, निर्माण कार्य अभी भी अधूरा है। पूर्व के भूपेश सरकार ने एक अच्छे सोच के साथ लावारिस हालत में घूम रहे मवेशियों को सुरक्षित रखने के लिए गौठान योजना लागू किया था। जमीनी स्तर पर यह योजना सफल नहीं हो पाया। लेकिन, अतिक्रमणकारियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन के आबंटित शासकीय भूमि को कब्जा करने जरा भी नहीं सोचा कि भविष्य में क्या होगा। ग्राम पंचायत बरोली में गौठान की शासकीय भूमि पर निर्मल सिदार, अस्पताल कर्मचारी क्वार्टर के लिए आरक्षित शासकीय भूमि पर कंसराम एवं अन्य लोगों द्वारा बरोली के धरोहर पहाड़ी की भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर मकान निर्माण किया जा रहा है। जिसे अतिक्रमण मुक्त किया जाना अत्यंत आवश्यक है। नवनिर्वाचित सरपंच को पता चला कि गौठान के लिए आरक्षित भूमि है। ग्राम पंचायत बरोली के सरपंच द्वारा अवैध अतिक्रमण को हटाने का नोटिस जारी किया गया था।

#### गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने का पंचायत को अधिकार

उल्लेखनीय है कि गौठान की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा होने पर छत्तीसगढ़ राज पंचायत अधिनियम 1993 के तहत ग्राम पंचायत को अतिक्रमण हटाने का अधिकार है और पंचायत धारा 56 के तहत कार्रवाई कर सकता है। पंचायत राज अधिनियम में प्रावधान है कि पंचायत में प्रस्ताव कर हटाने की कार्रवाई की जा सकती है। छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 के तहत गांव की सार्वजनिक भूमि का प्रबंधन व उसमें अतिक्रमण रोकने का दायित्व छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा ग्राम पंचायत को दिया गया है।

# हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन भारत माता की जय के लगे नारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना की शताब्दी वर्ष पर ग्राम दुलारपाली में हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया। जिसमें परिक्षेत्र के सभी गांव के साथ-साथ अन्य मंडलों के हिंदू भाई-बहनें शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभातफेरी से हुआ। जिसमें मातृशक्ति एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवकों द्वारा जय राम, वंदे मातरम भारत माता की जय नारा लगाते हुए हिंदू समाज की एकता के साथा-साथ नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। प्रभातफेरी गांव के सभी गलियों का भ्रमण करते हुए मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा भारत माता के तैल चित्र की पूजा अर्चना कर किया गया। मुख्य अतिथि पं. पद्मलोचन त्रिपाठी थे। मुख्य वक्ता जिला संयोजक आदित्य साहू थे। विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ नमिता साहू, बौद्धिक विभाग प्रमुख राजिम खीरसागर पटेल एवं खंड प्रमुख सत्यप्रकाश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि पद्मलोचन त्रिपाठी ने भगवान राम एवं योगीराज कृष्ण के आदर्शों को संगीतमय प्रवचन के माध्यम से सुना कर हिंदू धर्म की विशालता एवं विराटता को बताया।

मुख्य वक्ता जिला संयोजक आदित्य साहू ने भारत को शक्तिशाली व समृद्ध बनाने में राष्ट्रीय स्वयंसेवकों के संघर्ष, त्याग, तप एवं बलिदान का विस्तृत वर्णन किया। साथ ही उपस्थित लोगों से एकता के सूत्र में बंधे रहने व राष्ट्र धर्म का पालन करने की अपील की। विशिष्ट वक्ता खीरसागर पटेल ने हिंदू धर्म की समन्वयवादी दृष्टिकोण को स्पष्ट करते हुए कहा कि जो व्यक्ति मातृभूमि की निस्वार्थ सेवा करता है, परिश्रम से कमाता है, हर परिस्थिति में ईमानदार बना रहता है और जनसेवा को धर्म मानता है, वही सच्चा हिंदू है। डॉ नमिता अग्रवाल ने कहा कि घर परिवार समाज व देश के नवनिर्माण के साथ साथ सभ्यता एवं संस्कृति की रक्षा में मातृशक्ति विशेष योगदान रहा है। बसना खंड प्रमुख सत्यप्रकाश श्रीवास्तव ने सफल आयोजन के लिए दुलारपाली मंडल को बधाई देते हुए सदा संगठित रहने की अपील की। कार्यक्रम में संयोजक खेमलाल साहू, सहसंयोजक मुंगराम साहू, देवेंद्र साहू के नेतृत्व में ग्राम समिति के साथ साथ परिक्षेत्र के सभी नौ गांवों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। दुलारपाली व बेंदारी के बालिकाओं द्वारा त्रेता युग, द्वापर युग की झांकी के साथ गांव की देवी देवताओं को जोहार करते शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी। भोजन प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में जनपद सदस्य संतोषी मुन्ना अग्रवाल, दुलारपाली सरपंच देवकी पारसमणी पटेल, सरपंच सुखापाली रामायण बाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रेमानंद भोई ने एवं आभार व्यक्त पारसमणि पटेल ने किया।

# गांवों में आजीविका दुकानों का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में पहल करते हुए बिहान योजना अंतर्गत गठित महिला स्वास्थ्य सहायता समूह की वीडियो द्वारा संचालित आजीविका दुकानों की शुरुआत हुई। जनपद पंचायत अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान ने दुकानों का विधिवत शुभारंभ करते हुए कहा कि इन दुकानों के माध्यम से महिला समूह की सदस्य न केवल रोजगार से जुड़ेगी, बल्कि अपने जीवन स्तर में भी निरंतर सुधार करेगी। यह दुकान महिला समूह द्वारा निर्मित उत्पादों के लिए सीधे बाजार के रूप में भी काम करेगी। पटेवा के अंतर्गत ग्राम खट्टा में जय मां लक्ष्मी महिला स्वास्थ्य समूह द्वारा अध्यक्ष गौरी दीवान द्वारा फैंसी स्टोर एवं ग्राम बंबूरडीही में जय मां मुंबई माता समूह के लक्ष्मी नाग कपड़ा दुकान का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर संबंधित सरपंच, सचिव एवं पीआरपी, एफएलसीआरपी, सक्रिय महिला, कृषि मित्र, पशु मित्र एवं ग्राम संगठन के अध्यक्ष, सचिव एवं समूह के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# खुटेरी क्रिकेट में रोमांचक मुकाबले, लाखागढ़ विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा (ग्रामीण)



समीपस्थ ग्राम खुटेरी में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में क्षेत्र की कई टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें शानदार प्रदर्शन करते हुए लाखगढ़ की टीम ने खिताबी जीत दर्ज की। समापन समारोह में पूर्व जनपद उपाध्यक्ष मुकेश यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले बेहद रोमांचक रहे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच लाखगढ़ की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि, मेजबान टीम खुटेरी उपविजेता रही। सलडीह की टीम तृतीय और बगारपाली की टीम चतुर्थ स्थान पर रही। व्यक्तिगत प्रदर्शन में उमाशंकर सिन्हा को बेस्ट बल्लेबाज और रोशन मांझी को उनके उत्कृष्ट खेल के लिए मैन ऑफ द सीरीज के खिताब से नवाजा गया। पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित करते हुए यादव ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी खेल प्रतियोगिताएं युवाओं की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ आपसी भाईचारे और अनुशासन को भी मजबूत करती हैं। उन्होंने विजेता व उपविजेता दलों को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच सुशीला मांझी ने की। जबकि, उपसरपंच गेसराम पटेल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

इस अवसर पर ग्राम अध्यक्ष दशरथ साहू, पूर्व सरपंच घनश्याम धांधी, शिक्षक कौतुक पटेल, जयराम पटेल, अजय अग्रवाल, भुनेश्वर सिन्हा, प्रीतम बरिहा, नारायण ध्रुव, धीरपाल बरिहा, गजानंद निषाद, राजू ठाकुर, विनोद यादव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

### गुड़रूपारा में श्रीमद भागवत महापुराण कथा आज से



**महासमुंद।** 5 जनवरी से 12 जनवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन स्वर्गीय लीलाधर नामदेव स्मृति में किया जा रहा है। यह आयोजन गुड़रुपारा दुर्गा चौक नामदेव परिवार द्वारा आयोजित किया गया है। कथावाचन का कार्य पंडित अशोक कृष्ण महाराज श्रीधाम वृंदावन करेंगे। कार्यक्रम की शुरुआत 5 जनवरी को कलश यात्रा, देवप्रतिष्ठा और गौकर्ण, पूजा से होगी। इसके बाद राजा परीक्षित का जन्म, गजेंद्र मोक्ष, श्रीकृष्ण जन्म, सुदामा चरित्र, और तुलसी वर्षा शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक दिन प्रवचन दोपहर 2 बजे से सांध्य तक होगा। आयोजक चिदानंद चक्रधारी और रवि नामदेव, राजेश नामदेव ने सभी श्रद्धालुओं से कथा श्रवण करने का अनुरोध किया है।

### झरिया गाड़ा समाज का नववर्ष मिलन समारोह



**बोइरगांव (कोमाखान)।** उखरा चक नंबर 3 ग्राम कुलिया (परिक्षेत्र कोमाखान झरिया) गाड़ा समाज द्वारा छेरछेरा पुन्नी पूस पूर्णिमा एवं नया साल मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सर्वप्रथम भोलेनाथ की स्तुति की गई और दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके बाद छेरछेरा पुन्नी मिलन समारोह शुरू किया गया। विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ वार्षिक बैठक के बारे में भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्य रूप से अध्यक्ष जतिराम पांडे, उपाध्यक्ष अहिल्या राजवंशी, कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार तांडे, हेमसिंह नाग, प्रवेश बघेल तथा घनश्याम राजवंशी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में गाड़ा समाज के सभी जाति बंधु शामिल हुए।

### धान उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्था, उठाई किसानों की आवाज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में संचालित धान उपार्जन केंद्रों पर समिति-स्तर पर उत्पन्न प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियात्मक अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रवीण दुबे ने किसानों के हित में सशक्त पहल करते हुए महानिदेशक, छत्तीसगढ़ राज्य विपणन सहकारी संघ मार्कफेड को विस्तृत मांग-पत्र सौंपा है। श्री दुबे का कहना है कि वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष में हजारों पात्र कृषक विभिन्न तकनीकी एवं नीतिगत कारणों से धान विक्रय से वंचित हो रहे हैं, जो न केवल किसान हितों के प्रतिकूल है, बल्कि शासन की सुव्यवस्थित उपार्जन प्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। उन्होंने प्रमुख रूप से एग्रीटेक पंजीयन में आ रही तकनीकी बाधाओं, वनभूमि पट्टाधारी कृषकों की उपेक्षा, बड़े एवं बहुफसली कृषकों के टोकन निर्गमन में जटिलता, प्रतिदिन धान उपार्जन की अपर्याप्त सीमा तथा धान उठाव एवं परिवहन में हो रहे विलंब जैसे गंभीर विषयों को तथ्यात्मक रूप से रेखांकित किया है।

आचार्य चाणक्य बस्ती में हिंदू सम्मेलन का आयोजन

# समाज में समरसता का भाव होना चाहिए : त्रिवेदी




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति आचार्य चाणक्य बस्ती के तत्वावधान में आयोजित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, हनीड्यू स्कूल के सामने मैदान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ संत समाज की ओर से पंडित जवाहर लाल त्रिवेदी (ज्योतिषाचार्य), महिला वक्ता यशोदा चौहान (सचिव महिला समिति एकल अभियान महासमुंद), मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा (प्रांत संयोजक कुटुंब प्रबोधन, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, छत्तीसगढ़) उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंचस्थ अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया गया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पंडित जवाहर लाल त्रिवेदी ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम यहां चाणक्य बस्ती के मैदान में हिंदू सम्मेलन में उपस्थित हुए हैं। यह हमें एहसास दिलाता है कि हमारी समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति क्या जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता का भाव होना चाहिए। हिंदू एक धर्म है, एक विचारधारा है। हिंदू ही है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है। उन्होंने हिंदुत्व की अलग-अलग व्याख्या की। यशोदा चौहान ने कहा कि हिंदुत्व भारत की आत्मा है। वेद की रचना भारत में हुई। आज हिंदू संस्कृति संकटों से जूझ रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के विषय में कहा है। जिसमें स्वदेशीः हमारी वेशभूषा में भारतीय दर्शन हो, विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम प्रयोग हो, त्योहारों और मांगलिक प्रसंगों को हिंदू पद्धति से मनाना। पर्यावरणः घर में होने वाले आयोजनों में प्लास्टिक व डिस्पोजल का उपयोग नहीं करना, वृक्ष लगाना आदि। समरसताः जाति के आधार पर किसी से भेदभाव न हो। नागरिक अनुशासनः नियमों का पालन करना चाहिए। धरना प्रदर्शन पर शासकीय संपत्ति को नुकसान नहीं पहुंचाना। कुटुंब प्रबोधनः सप्ताह में कम से कम एक बार सारा परिवार बैठे, आपस में सुसंवाद करें। पंच परिवर्तन को हमें व्रत के समान स्वीकार करना चाहिए।

मुख्य वक्ता हरिओम शर्मा ने कहा कि भारत सनातन धर्म की भूमि है। हमें गर्व है कि हम इस धरती पर पैदा हुए। हमने वर्षों गुलामी झेली, लेकिन हमने अपनी संस्कृति को बचाए रखा। प्राचीन काल में गुरुकुल आश्रम परंपरा से शिक्षा दी जाती थी। नालंदा विश्वविद्यालय, जहां अनेक ग्रंथ थे, मुगलों ने उसे नष्ट कर दिया। हमारा इतिहास गौरवशाली इतिहास रहा है। शर्मा ने कहा कि सामान्य जन में देशभक्ति जागृत करने, हिंदू समाज को गौरव बोध कराने एवं संगठित करने के उद्देश्य को लेकर सन 1925 को विजयदशमी के दिन नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना हुई। आज देश के 83,000 मंडलों में व विदेशों में भी संघ की शाखाएँ चलती हैं। भारत माता की आरती के पश्चात सम्मेलन समाप्ति की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन खुशबू कुलदीप व आभार प्रदर्शन चंद्रशेखर साहू ने किया। कार्यक्रम में नगर के सनातनी बंधु, मातृशक्ति काफी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर की पहचान और जीवन रेखा मानी जाने वाली सितली नाला को उसके पुराने गौरवशाली स्वरूप में लौटाने और प्रदूषण मुक्त बनाने के संकल्प के साथ अविरल सितली-निर्मल सितली अभियान का शुभारंभ किया गया। अभियान का शुभारंभ नगर पुरोहित पंकज तिवारी के सानिध्य में हुआ।

पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा ने अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विस्तार से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सितली नाला केवल एक जल निकासी का माध्यम नहीं है, बल्कि यह शहर की धड़कन है। वर्षों के अनियंत्रित शहरीकरण और उपेक्षा ने इसे एक नाले के रूप में तब्दील कर दिया है, जिसे अब फिर से एक स्वच्छ जलधारा बनाना हमारा मुख्य लक्ष्य है। डॉ. चोपड़ा ने जोर देते हुए कहा कि यह केवल एक सरकारी या समिति का कार्य नहीं है, बल्कि शहर के प्रत्येक नागरिक का कार्य है। उन्होंने आह्वान किया कि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और स्वच्छ पर्यावरण देने के लिए हमें आज इस नाले के अस्तित्व को बचाना होगा।

भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने परंपरागत जल स्त्रोतों के संरक्षण की बात कही और अभियान के बाद लोगों को मिलने वाले लाभ को बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासमुंद के नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने इस अभियान के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। इसी कड़ी में उपस्थित पार्षद माखन पटेल, शुभ्रा मनीष शर्मा, पीयूष अमृत साहू और योगेश्वरी सोनाधर सोनवानी ने भी अपनी पार्षद निधि से 1-1 लाख रुपए देने की घोषणा करते हुए सितली नाला के कायाकल्प को शहर के विकास के लिए अनिवार्य बताया।

कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन मोहन साहू ने किया।

# बैगा खम्हरिया में मनाया शाकंभरी जयंती महोत्सव, निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

मरार समाज कुसमी राज के अंतर्गत ग्राम बैगा खम्हरिया में पौष पूर्णिमा छेरछेरा एवं माता शाकंभरी जयंती पर हवन-पूजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गांव में शोभायात्रा निकाल कर की गई। इसमें समाज के सभी महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण किए। इसके बाद मरार समाज के आराध्य देवी मां शाकंभरी की वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान से समाज के पूर्व अध्यक्ष गिरजा शंकर पटेल द्वारा हवन पूजन किया।

कार्यक्रम में कुसमी राज अध्यक्ष दिनेश पटेल एवं समाज पदाधिकारी सम्मिलित हुए। अध्यक्ष दिनेश पटेल ने समाज के ईष्ट देवी मां शाकंभरी देवी की पूजा अर्चन कर माता शाकंभरी से इस क्षेत्र के खुशहाली की कामना की। उन्होंने समाज को संबोधित कर साग भाजी के दात्री मां शाकंभरी का नाम कैसे पड़ा, उनकी उत्पत्ति कैसे हुई, के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। पौराणिक कथाओं के अनुसार एक समय दुर्गम नाम के दैत्य ने कठोर तपस्या कर ब्रम्हा चारों वेदों पर अपना कब्जा जमा लिया। इस वेदों के गायब होने से संसार में धार्मिक अनुष्ठान यज्ञ और तर्पण बंद हो गए। इसके कारण देवताओं की शक्ति क्षीण होने लगी और इंद्रदेव ने वर्षा करना बंद कर दिया। वहीं पृथ्वी पर भीषण अकाल पड़ गए। सौ वर्षों तक वर्षा नहीं हुई। इससे नदी नाले पूरी तरह सूख गए, जीव-जंतु व्याकुल होकर मरने लग गए। संसार को इस घोर संकट को बचाने के लिए सभी ऋषि, मुनि और देवताओं ने शिवालिक पर्वत की कंदराओं में एकात्रित होकर आदि शक्ति मां भगवती की स्तुति करने लगे, तब उनकी पुकार सुनकर देवी प्रकट हुई।



ऋषि, मुनि और प्राणियों की दयनीय स्थिति को देकर मां की आंख से आंसू बहना शुरू हो गया। देवी के शरीर पर सौ आंखें प्रकट हुई, जिनसे संसार के दुख को देखा नहीं गया। इस कारण शताक्षी भी पड़ा। देवी की सैकड़ों आंखों से आंसुओं की धार से पूरी पृथ्वी पर नदी-नाले उफान पर आ गए। इसके बाद माता शाकंभरी ने अपने शरीर से दिव्य वनस्पतियां फल फूल साग भाजी औषधियां उत्पन की। ताकि, भूखे प्राणी की पेट भर सके। अंत में देवी ने दुर्गम दैत्य का वध किया और उससे वेदों को वापस लेकर देवताओं को सौंप दिया। दुर्गम नामक राक्षस का वध करने के करण उन्हें दुर्गा भी कहा गया है।

इस दौरान कुसमी राज अध्यक्ष दिनेश पटेल, पूर्व अध्यक्ष गिरजा शंकर पटेल, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रकाश पटेल, पूर्व सचिव श्याम लाल पटेल, तुलसी राम पटेल, ओमप्रकाश पटेल समेत समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### छेरछरा पर्व पर दिखा उत्साह, बच्चों को धान के साथ पैसे भी मिले

**बिरकोनी।** छत्तीसगढ़ का लोक पर्व गांवों के साथ ही जुड़ा हुआ है। ग्राम बिरकोनी में छत्तीसगढ़ का परम्परिक पर्व छेरछरा शनिवार को धूमधाम से मनाया। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा घर के बुजुर्ग महिला से छेरछेरा मांगा। सुबह से सभी बच्चे थैला लेकर घर-घर पहुंचे। और छेरछेरा मांगते रहे। किसानों ने अपनी परंपरा का पालन करते हुए धान के साथ पैसे व खाने पीने की चीजे दान की।




### शहीद स्मारक में फूल तोड़ना मना

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में फूल तोड़ने पर पाबंदी लगाई गई है। बताया गया कि फूल चढ़ाना (अर्पण करना) सम्मान, श्रद्धांजलि और कृतज्ञता व्यक्त करने का एक तरीका है, जैसा कि कई स्मारकों पर होता है। हालांकि, स्मारक की पवित्रता बनाए रखने के लिए फूल वहीं चढ़ाए जाते हैं या उनकी सजावट की जाती है, उन्हें उखाड़ा तोड़ना नहीं जाता, क्योंकि, शहीद स्मारकों का सम्मान करना महत्वपूर्ण है, जो बलिदान और देशभक्ति का प्रतीक हैं।

### नर्रा में उर्स कल

**नर्रा।** ग्राम नर्रा में प्रति वर्ष कह भांति इस बार भी हजरत सैय्यद शहीद महमूद अलीशा (रअ) पानीपत नर्रा शरीफ का उर्स 6 जनवरी को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद नमाज असर लगभग शाम 4.30 बजे जुलूस निकाल कर गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए मजार में परचम कुशाई कर संदल शरीफ और चादरपोशी की जाएगी। बाद नमाज मगरिब, तकरीर बाद आम लंगर का प्रोग्राम नर्रा शरीफ में होगा।

### अयोध्या नगर में कवि गोष्ठी आज

**महासमुंद।** अयोध्या नगर शिवपुराण पंडाल में 5 जनवरी सोमवार को संध्या 6 बजे से कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया है। गोष्ठी में प्रदेश के प्रख्यात कवि मीर अली मीर, सुरेंद्र अग्निहोत्री आगी, कवि डॉ रामशरण चंद्राकर बेमचा, टेकराम सेन जिला समन्वयक छग भाषा आयोग होंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए डा रामशरण चंद्राकर ने साहित्य प्रेमियों को कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



### मड़ई-मेला महोत्सव राज्य की समृद्ध परंपरा

**महासमुंद।** ग्राम बजारी में छेरछेरा पुन्नी मड़ई-मेला कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस मौके पर तुषार ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ में मड़ई महोत्सव या मेला को एक प्रमुख त्योहार माना जाता है। मड़ई त्योहार लोगों के जीवन को खुशियों से भर देता है। यह त्योहार न सिर्फ मजेदार और मनमोहक है बल्कि यह राज्य की समृद्ध परंपरा और संस्कृति को भी दर्शाता है। इस अवसर पर सरपंच सावित्री राम प्रसाद पटेल, पंच ठाकुर राम, युवा नेता हेमंत जैन, परेश राम साहू, अशोक साहू, सरवन निषाद, गोकुल,सुरेश, निषाद, गजेंद्र विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## आयोजन: एमकेबाहरा के मड़ई-मेला में भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम हुए शामिल

# सहकारी संघ के जिलाध्यक्ष, प्रबंधक समेत पूर्व सैनिकों और शिक्षकों का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

पौष पूर्णिमा मड़ई-मेला महोत्सव एवं लोक पर्व छेरछेरा के वृहद मंच पर ग्राम एमकेबाहरा में सहकारी समिति कर्मचारी संघ कि जिलाध्यक्ष एवं ग्रामीण सेवा सहकारी समिति चरौदा के प्रबंधक जयप्रकाश साहू का उनके किए उत्कृष्ट कार्यों, किसानों के निःस्वार्थ सहयोग एवं समितियों में चलाई गई विभिन्न अनुकरणीय पहल के लिए सम्मान समारोह का आयोजन हुआ।

जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू द्वारा हरसंभव क्षेत्र के किसानों को सरकार के महत्वाकांक्षी योजनाओं से लाभान्वित कराने के साथ ही पर्यावरण व जनहित के अनेक कार्यों में नवाचार व अनुकरणीय पहल के कार्यों में लोकहित पर सहयोगात्मक भावना बना के रखता है। समूचे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू थे। अध्यक्षता जयप्रकाश साहू जिलाध्यक्ष सहकारी समिति कर्मचारी संघ, अतिविशिष्ट अतिथि भाजपा जिला महामंत्री थानसिंग दीवान, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पंकज चंद्राकर, सहकारी समिति चरौदा के अध्यक्ष भुवन लाल साहू, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी आनंद साहू, पूर्व सरपंच कमलनारायण साहू थे।

बता दें कि सर्वप्रथम अतिथियों ने भारत माता के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलन कर छेरछेरा मड़ई मेला महोत्सव का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्य अतिथि येतराम साहू ने अपने उद्बोधन में कहा कि दानशीलता और अभिमान त्याग का प्रतीक छेरछेरा के इस पर्व को ग्राम एमकेबाहरा में बचपन से देखते आया हूं। सामाजिक समरस्ता का का यह पर्व छेरछेरा में दान का विशेष महत्व होता है। अपनी मेहनत से उपजाए धान आदि का दान देकर किसान पुण्य का भागीदारी होता है। वहीं मड़ई महोत्सव को भाजपा नेता थान सिंग दीवान, सोसायटी अध्यक्ष भुवन साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन ग्राम प्रमुख देवक राम साहू एवं अतिथियों का आभार लाला साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप ग्राम प्रमुख देवकराम साहू, गुणनिधि पटेल, ब्रम्हकुमार झगेस साहू, भुखन लाल, संतराम पटेल, रामनारायण साहू, लाला खिलेश साहू, नीलकंठ पटेल, भेखलाल साहू, देलूराम चंद्राकर, तिलक राम साहू, पूरन ध्रुव, ओमप्रकाश साहू आदि उपस्थित रहे।



**वरिष्ठजन व उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों का हुआ सम्मान**

इस अवसर आयोजक मंडल ने मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू के हाथों से यहां वरिष्ठजन व उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीणों का सम्मान हुआ। जहां प्रमुख रूप पूर्व सैनिकों, बुजुर्गों को सम्मानित किया गया। जिनमें पूर्व सैनिक खिलावन पटेल, भेखलाल पटेल, चेतन लाल पटेल, समेत सेवनिवृत्त शिक्षक मिलन सिंह ध्रुव, शिक्षक झगेश साहू का उनके सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान दिया गया। साथ ही बुजुर्गों को कंबल आदि का वितरण ससम्मान ग्राम विकास समिति की ओर किया गया।

# किसान कांग्रेस के ब्लॉक पदाधिकारियों की नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में किसान कांग्रेस संगठन

- किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानिक ने की नियुक्ति


जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने विभिन्न ब्लॉकों में नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। यह नियुक्तियां संगठनात्मक मजबूती, किसान हितों की प्रभावी पैरवी और जमीनी स्तर पर कांग्रेस की पकड़ मजबूत करने के उद्देश्य से की गई हैं।

यह नियुक्ति अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखपाल सिंह खैरा, राष्ट्रीय प्रभारी अखिलेश शुक्ला, प्रभारी महासचिव सचिन पायलट, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, छत्तीसगढ़ विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, प्रदेश प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, राष्ट्रीय महासचिव एवं छत्तीसगढ़ प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज नचार एवं राम मोहन बरुआ, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा, प्रदेश संगठन प्रभारी अकील हुसैन तथा संभाग प्रभारी दीपक पांडे की सहमति एवं अनुमति से की गई है।

जारी आदेश के अनुसार शंकर पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष झलप-पटेवा-सिरपुर, डिगेश्वर सत्यम को ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद ग्रामीण, देवत्त चंद्राकर को ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद शहर, अंजोर सिंह ठाकुर को ब्लॉक अध्यक्ष कोमाखान, थलेस चंद्राकर को ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण, हवय लाल यादव को ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा शहर, केशव साव को ब्लॉक अध्यक्ष बसना, वीरेंद्र प्रधान को ब्लॉक अध्यक्ष सांकरा, दिनेश कालसा को ब्लॉक अध्यक्ष पिथौरा, विश्वनाथ नायक को ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली शहर, दिलीप साहू को ब्लॉक अध्यक्ष सरायपाली ग्रामीण, फार्म पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष भंवरपुर तथा भगत राम पटेल को ब्लॉक अध्यक्ष छुहीपाली नियुक्त किया गया है।

जिलाध्यक्ष मानिक साहू ने नव-नियुक्त पदाधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा के अनुरूप पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ कार्य करेंगे तथा किसान हितों की आवाज को मजबूती से उठाते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।

## आम बौराए



अरंड (पिथौरा)। नयापारा कला में आम के पेड़ पर बौर लगने से अच्छी पैदावार होने की संभावना है। सोनसाय दीवान के आंगन में आम के पेड़ पर बौर दिख रहा है। अबकी बार अच्छी पैदावार को लेकर क्षेत्र के लोगों में उत्साह है।

# महासमुंद-राजिम मार्ग उन्नयन के लिए 147 करोड़ स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य की सड़क अधोसंरचना को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पांच जिलों के लगभग 174 किलोमीटर लंबी सड़कों का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और उन्नयन कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इसमें राजिम–फिंगेश्वर–महासमुंद मार्ग के 35.5 किमी हिस्से के उन्नयन के लिए 146.86 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है।

इस संबंध में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा है कि केंद्र सरकार की यह स्वीकृति छत्तीसगढ़ में अधोसंरचना विकास को नई दिशा देगी। बेहतर सड़कें न केवल यातायात को सुरक्षित बनाएंगी, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार, रोजगार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देंगी। उन्होंने आगे कहा कि महासमुंद से फिंगेश्वर और राजिम तक मार्ग का उन्नयन कार्य क्षेत्र की जनता के लिए काफी लाभकारी साबित होगा। दोनों जिलों को जोड़ने वाले इस सड़क के माध्यम से व्यापार सहित अन्य गतिविधियां जुड़ी हुई है। लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी। क्षेत्र के लोगों द्वारा भी काफी समय से इस मार्ग के उन्नयन की मांग की जा रही थी। राजिम पूरे प्रदेश में आध्यात्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण स्थल है। आगामी दिनों में यहां लगने वाले मेला में भीड़ उमड़ती है। महासमुंद से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु राजीवलोचन मंदिर, कुलेश्वर महादेव के दर्शन करने जाते हैं, जिनका सफर अब सुगमता से पूरा होगा। महासमुंद को राजिम से जोड़ने वाले यह मार्ग आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। सड़क चौड़ीकरण और मजबूतीकरण से 35 किमी का सफर अब कम समय में और सुगमता से पूरा होगा। महासमुंद और गरियाबंद दोनों जिलों के सैकड़ों गांवों के लोगों के लिए आवागमन आसान होगा, जिससे व्यापार और शिक्षा के क्षेत्रों में नई गति आएगी। फिंगेश्वर क्षेत्र के कई गांव के ग्रामीण जो महासमुंद की सीमा के आसपास हैं। वें चिकित्सकीय सुविधा के लिए महासमुंद मेडिकल कॉलेज भी आते हैं। इन सभी के लिए यह काफी लाभदायक साबित होगा।



# मड़ई-मेला छत्तीसगढ़ की समृद्ध परंपरा का प्रतीक : निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला मुख्यालय के निकटवर्ती राजिम

- रजकट्टी में आयोजित मड़ई मेला कार्यक्रम में शामिल हुए पालिकाध्यक्ष

विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव रजकट्टी में मड़ई-मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि नगर पालिका महासमुंद के अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। आयोजन स्थल पर ग्रामीणों द्वारा नपाध्यक्ष साहू का आत्मीय स्वागत किया गया। स्वागत से अभिभूत नपाध्यक्ष ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए सभी को मड़ई मेला की बधाई दी। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि मड़ई-मेला हमारा समृद्ध परंपरा का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ में फसल कटाई के बाद मड़ई मनाए जाने की परम्परा है। हमारे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था कृषि आधारित है। किसानी काम से निवृत होकर खुशियां मनाने का यह प्रमुख माध्यम है। आज आधुनिकता के युग में भी ऐसे आयोजन हमारी समृद्ध परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।



इस अवसर पर प्रमुख रूप से नंदिनी कोमल ढीढी सभापति जिला पंचायत गरियाबंद, इंद्रजीत महाड़िक जिला पंचायत सदस्य, हरीश साहू सरपंच, ललित साहू, कुंजन लाल साहू संरक्षक जिला साहू संघ, युधिष्ठिर साहू सरपंच रजकट्टी, भारती साहू उपसरपंच, गजाधर साहू, मनोज कुमार साहू, सगनी साहू पंच, सहदेव ध्रुव, केशव सेन, पंच ध्रुव, मुकुल ध्रुव, भागवत साहू, लिखेश्वर नेताम, रूपेश सेन, रोमन ध्रुव, कबिलाश साहू, संतोष साहू, रंजिश शुक्ला, जगदेव साहू, जीवरखन साहू, गेंद यादव, रोहित साहू, रतन ध्रुव, नंदकुमार ध्रुव, गोविंद विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बड़गांव में श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा 7 से

**बिरकोनी।** ग्राम बड़गांव में 7 जनवरी से 14 जनवरी तक श्रीमद भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन स्वर्गीय जुगरु सुंदरबाई चक्रधारी, बहुर चक्रधारी, लोकेश्वर चक्रधारी, कुमारू चक्रधारी की स्मृति में किया जाएगा। कथावाचक पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज श्रीराम जानकी मंदिर बिरकोनी वाले, यज्ञाचार्य पंडित देवेंद्र महाराज ब्रम्हचर्य विद्यापीठ राजिम वाले होंगे। 7 को जल यात्रा, देवप्रतिष्ठा, गौकर्ण पूजा एवं कथा प्रारंभ, 8 को राजा परीक्षित जन्म, कपिल देव एवं ध्रुव चरित्र, 9 को गजेंद्र मोक्ष, भगवान नरसिंग नाथ अवतार, 10 को वामन अवतार, श्रीराम कृष्ण अवतार, 11 को कृष्ण जन्म एवं बाल लीला व रूखमणि मंगल विवाह, 12 को सुदामा चरित्र, 13 को परीक्षित मोक्ष, तुलसीवर्षा शोभायात्रा, 14 को भागवत गीता प्रवचन, यज्ञ का पूर्णाहुति एवं महाप्रसादी वितरण होगा। प्रवचन प्रतिदिन दोपहर 2 से सांध्य तक होगा। आयोजक चिदानंद चक्रधारी, प्रेमानंद चक्रधारी कार्यक्रम की तैयारी में जुटे हुए हैं। सभी श्रध्दालुओं को कथा श्रवण का आनंद लेने की अपील की हैं।



# बिरकोनी में पौष पूर्णिमा मड़ई मेला, दर्शन के लिए चंडी मंदिर में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

चंडी मंदिर में पौष पूर्णिमा पर मंदिर प्रांगण में शनिवार को पौष पूर्णिमा मड़ई मेला का आयोजन हुआ। जिसमें दोपहर 3 बजे दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। शाम होते होते मड़ई मेला देखने लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। स्थानीय के अलावा शहर से लोग मेले में सपरिवार बड़ी संख्या में दूर-दूर से यहां पहुंचे थे। मैदान के बीच हर तरह की दुकानें सजी हुई थी। बड़ी संख्या में लोग मेला स्थल में तरह तरह के सामग्री की खरीददारी की। खासतौर से गुपचुप, चाट, बड़ा-भजिया के ठेलों में भीड़ तो लगी ही हुई थी। लेकिन, बच्चों के लिए झूला, खिलौने ने उत्साह का माहौल बनाया। किसान परिवार के लिए छेरछेरा पर्व पर मड़ई होने से क्षेत्र के लोगों में काफी उत्साह दिखाई दिया। खास कर बच्चों में भारी रौनक रही। झूला झूलकर और खेल खेलकर मजा लिए, जिसमें अनेक प्रकार के मनोरंजन थे। मड़ई मेला में बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग शामिल थे।



